# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## वित्त समिति की कार्यवृत्ति

वित्त समिति की बैठक दिनांक 15 अक्टूबर, 2014 को सांय 3.00 बजे प्रशासनिक भवन स्थित कमेटी हाल में आहूत की गयी।

बैठक में निम्नांकित अधिकारीगण उपस्थित रहे :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **डा0 एस0 बी0 निमसे** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | प्रो0 ए0के0 सेनगुप्ता | प्रतिकुलपति | सदस्य |
| 3. | श्री विद्यासागर शुक्ल | विशेष सचिव (वित्त), उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 4. | श्री बी0बी0 सिंह | विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 5. | श्री रामकुमार | कुलसचिव | सदस्य |
| 6. | श्री एस.के शुक्ल, | परीक्षा नियंत्रक, | सदस्य |
| 7. | श्री रत्नेश्वर भारती | वित्त अधिकारी | सचिव सदस्य |

**बिन्दु संख्या–01**

वित्त समिति की गत बैठक दिनांक 25 जून, 2014 की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या पर मा0 सदस्यों द्वारा चर्चा की गयी तथा इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया कि शेष असमायोजित अग्रिम हेतु एक समिति का गठन किया जाये एवं दिनांक 31.03.2015 तक समयबद्ध रूप से असमायोजित अग्रिमों का समायोजन करा लिया जाये।

**बिन्दु संख्या–02**

टैगोर पुस्तकालय के लिये वार्षिक बजट 2014–15 में आकस्मिक व्यय मद में प्राविधानित धनराशि को रु0 1.00 लाख को बढ़ाकर रु0 2.00 लाख किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–03**

लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में निःशुल्क शिक्षा दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर समिति ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि इस सम्बन्ध में अन्य उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों से पता लगा लिया जाये कि अन्य विश्वविद्यालयों में क्या प्राविधान है। इसके उपरान्त प्रकरण को पुनः अगली बैठक में समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाये।

**बिन्दु संख्या–4**

वित्त समिति की बैठक दिनांक 21 दिसम्बर, 2008 के बिन्दु संख्या–09 में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों हेतु निर्धारित सहयुक्तता शुल्क में वृद्धि के सम्बन्ध में विचारोपरान्त निर्णय लिया कि वित्त समिति की बैठक दिनांक 21.12.2008 में लिये गये निर्णय को लागू कराया जाये। इस प्रकार पूर्व निर्धारित शुल्क को लागू करने के उपरान्त शुल्क में वृद्धि हेतु प्रस्ताव समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाये।

**बिन्दु संख्या–5**

डा0 संजय मेधावी, विभागाध्यक्ष, व्यापार प्रशासन विभाग द्वारा स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम एम.बी.ए. हेतु रु0 25,000/-- प्रतिमाह (नियत वेतन) की दर से संविदा के आधार पर चार असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद के सृजन के सम्बन्ध में स्वीकृति दिये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–6**

विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट 2014–15 में विश्वविद्यालय के स्तर पर गठित महाविद्यालय विकास परिषद कार्यालय हेतु रु0 1.00 लाख का अनुसांगिक व्यय मद में प्राविधान किये जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–7**

डा0 कीर्ति सिन्हा, विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रानिक) हेतु रु0 25,000/– प्रतिमाह (नियत वेतन) की दर से संविदा के आधार पर चार असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद के सृजन के सम्बन्ध में स्वीकृति दिये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–8**

प्रो0 अरविन्द कुमार, संकायाध्यक्ष द्वारा बी0काम (आनर्स) एवं बी0काम (स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम) हेतु रु0 25,000/– प्रतिमाह (नियत वेतन) की दर से संविदा के आधार पर चार असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद के सृजन के सम्बन्ध में स्वीकृति दिये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–9**

डा0 सै0 अरशद अली जाफरी, इंचार्ज, ओरिएन्टल स्टडीज इन अरेबिक एण्ड पर्शियन द्वारा प्रेषित छात्र/छात्राओं से लिये जा रहे प्रवेश शुल्क पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि नये शुल्क अध्यादेश का निर्माण किया जाये। पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रवेश की संख्या का भी पता लगाया जाये। इसके उपरान्त प्रकरण को पुनः अगली बैठक में समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाये।

**बिन्दु संख्या–10**

प्राच्य संस्कृत विभाग के छात्र/छात्राओं से लिये जा रहे प्रवेश शुल्क लिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि नये शुल्क अध्यादेश का निर्माण किया जाये। पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रवेश की संख्या का भी पता लगाया जाये। इसके उपरान्त प्रकरण को पुनः अगली बैठक में समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाये।

**बिन्दु संख्या–11**

डा0 राज कुमार सिंह, समाज कार्य विभाग द्वारा प्रेषित पत्र में रु0 15,000/– प्रतिमाह नियत वेतन की दर से संविदा के आधार पर एक कम्प्यूटर प्रोफेशनल की नियुक्ति के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर मा0 सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि Doeac से आउटसोर्सिंग के माध्यम से व्यवस्था की जाये।

**बिन्दु संख्या–12**

छात्र/छात्राओं से बैक पेपर/इम्प्रूवमेण्ट परीक्षा हेतु लिये जा रहे इम्प्रूवमेण्ट शुल्क रु0 1200/– पर पुर्नविचार किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विचारोपरान्त छात्रहित में घटाकर रु0 1000/– किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

## अन्य बिन्दु

**अन्य बिन्दु संख्या–1**

समय–समय पर शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन वितरण हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न खातों से धनराशि स्थानान्तरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अन्य बिन्दु संख्या–2**

दिनांक 21.12.2008 को आहुत की गयी वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–09 पर त्रुटिवश अंकित एफिलियेशन शब्द को सुधार करते हुए एसोसियेशन पढ़े जाने का संज्ञान लिया तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

(23)

**अन्य बिन्दु संख्या–3**

एम.बी.ई. स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम में कार्यरत Lecturer Cum Placement Coordinator को देय रु0 18,000/– नियत वेतन प्रतिमाह को बढ़ाकर रु0 25,000/– नियत वेतन प्रतिमाह किये जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया तथा रु0 25,000/– प्रतिमाह (नियत वेतन) की दर से संविदा के आधार पर 01 असिस्टेन्ट प्रोफेसर के सृजित पद के सम्बन्ध में स्वीकृति दिये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अन्य बिन्दु संख्या–4**

प्रबन्धन महिला छात्रावास में नियत वेतन पर कार्यरत 09 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतनमान सम्बन्धी व्ययभार वहन करने हेतु स्ववित्त पोषित पूल खाते से प्रबन्धन महिला छात्रावास को आर्थिक सहायता दिये जाने पर इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि दिये जाने वाली सहायता राशि को किसी भी दशा में चार वर्ष से अधिक नहीं दिया जायेगा।

**अन्य बिन्दु संख्या–5**

अधीक्षक भूमि एवं विज्ञान विभाग का वर्तमान अनुसांगिक व्यय मद में आवंटित धनराशि रु0 1.00 लाख को वित्तीय वर्ष 2014–15 से बढ़ाकर रु0 2.50 लाख किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अन्य बिन्दु संख्या–6**

अधिष्ठाता कला संकाय को वर्तमान में अनुसांगिक व्यय मद में आवंटित धनराशि रु0 2.00 लाख को वित्तीय वर्ष 2014–15 से बढ़ाकर रु0 3.00 लाख किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अन्य बिन्दु संख्या–7**

प्रो0 एम.के. अग्रवाल, निदेशक, डा0 गिरिलाल गुप्ता इन्स्टीट्यूट फार पब्लिक हेल्थ एण्ड पब्लिक अफेयर हेतु रु0 22,000/– प्रतिमाह (नियत वेतन) की दर से संविदा के आधार पर 02 असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद के सृजन के सम्बन्ध में स्वीकृति दिये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

(एस0के0 शुक्ल) 15-x-2014
परीक्षा नियंत्रक

(राजकुमार) 15/10
कुलसचिव

15.10.14
(रत्नेश्वर भारती)
वित्त अधिकारी

(बी0बी0 सिंह)
विशेष सचिव, उच्च शिक्षा,
उ0 प्र0 शासन

(विद्यासागर शुक्ल)
विशेष सचिव (वित्त),
उ0 प्र0 शासन

A. K. Sengupta
(प्रो0 ए. के. सेनगुप्ता)
प्रति–कुलपति

(डा0 एस0बी0 निम्से)
कुलपति